# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 23.12.2025** **समय : 1905**

1. राष्ट्रपति ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए इंटेलिजेंस ब्यूरो के असाधारण योगदान की सराहना की।
2. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने छात्रों को समस्या–समाधान कौशल से लैस करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में ए.आई. को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।
3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आज विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया गया।
4. अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन, तैंतालीसवीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो–आईबी देशवासियों को सुरक्षा देने और देश की एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। आज नई दिल्ली में अड़तीसवें इंटेलिजेंस ब्यूरो शताब्दी एंडोमेंट व्याख्यान को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में आईबी जैसी सुरक्षा एजेंसियों ने देश के आंतरिक खतरों को समाप्त किया है। राष्ट्रपति ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए आईबी के असाधारण योगदान की सराहना की।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने आज कहा कि भारत सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय परिवर्तन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– ए.आई. से संबंधित नीतियां और परियोजनाएं तैयार करने में वैश्विक स्तर पर सबसे सक्रिय देशों में से एक है। उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में आयोजित एआई विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन– ए.आई. महाकुंभ को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि एआई स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शुरूआत में ही एआई के बारे में जानकारी होने से छात्रों में बेहतर सोच का विकास होगा और समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक आत्मनिर्भर, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त विकसित भारत की दिशा में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि एआई का उद्देश्य शिक्षा के मानवीय उद्देश्य को पुनर्स्थापित करना है।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रोजगार सृजन और व्यापक ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त निधि सुनिश्चित करने हेतु विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत एक लाख इक्यावन हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। एक वीडियो संदेश में श्री चौहान ने कहा कि यह योजना मनरेगा के आगे का कदम है। श्री चौहान ने कहा कि यह विकसित भारत जी राम जी योजना विकसित, आत्मनिर्भर, गरीबी मुक्त और रोजगारोन्मुखी गांवों के निर्माण के लिए जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना कार्यों, आजीविका आधारित गतिविधियों और आपदा निवारण उपायों पर केंद्रित है।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो कल सुबह न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड –एनएसआईएल के माध्यम से एलवीएम 3–एम 6 मिशन के तहत ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से होगा। इस मिशन में भारत के सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान, एलवीएम 3 का उपयोग किया जाएगा। यह एलवीएम 3 की छठी परिचालन उड़ान होगी। यह मिशन विश्वसनीय और किफायती वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपणों में देश को और मजबूत करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ अपूर्व शर्मा ने कहा कि आज विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया गया है। मतदाताओं से अपनी जानकारी का सत्यापन करने और किसी भी त्रुटि के लिए बाईस जनवरी दो हजार छब्बीस तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियों के लिए सत्ताईस और अटठाईस दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन 27 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। महोत्सव के दौरान आई टी एफ मैदान के अलावा, मरीना एस्प्लेनेड, वांडूर, विम्बर्लीगंज, स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप, हट बे और कई स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सांस्कृतिक दल, स्थानीय संगठनों और दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तथा पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र जैसे प्रसिद्ध संस्थानों के साथ मिलकर शास्त्रीय, लोक और आदिवासी कला प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, पुष्प प्रतियोगिता और पेट्ट शो का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से तैंतालीसवीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 27 दिसंबर को सुबह छह बजे से सिप्पीघाट के वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह चैंपियनशिप महाराष्ट्र पुणे में अगले महीने की 25 से 30 तारीख तक आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी छब्बीस दिसम्बर शाम पांच बजे तक श्री येसुदासन के पास अपने नामों का पंजीकरण करवा सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय किसान दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। यह दिन देश के विकास में किसानों के योगदान के सम्मान में मनाया जाता है। ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चौधरी चरण की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और विकसित तथा आत्मनिर्भर के निर्माण में उनके विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग का नया विद्युत कनेक्शन पोर्टल नए डोमेन पर स्थानांतरित कर दिया गया है। अब सभी बिजली उपभोक्ताओं को एन ई सी पोर्टल पर नए विद्युत कनेक्शन और संबंधित सेवाओं के लिए आवेदन नए डोमेन nec.andamannicobar.gov.in पर ही करना होगा।

<><><><><><><>